दिनांक : 16.04.2024 **समय : 02.10 pm**

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संकेत धुन

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं **.राना शाहिद**

चुनाव प्रचार–प्रदेश

प्रदेश में पहले और दूसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर है। तीसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी जोरों पर है। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज छिंदवाडा में रोड शो में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सहित भाजपा के अन्य नेता भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार करेंगे। उधर, खजुराहो लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने संयुक्त रूप से ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आर बी प्रजापति को समर्थन देने का ऐलान किया है। कांग्रेस के बड़े नेताओं के प्रचार में जुटने के बाद अब युवक कांग्रेस ने पार्टी के घोषणा पत्र को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए घर घर अभियान शुरू किया है।

नामांकन–प्रदेश

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। तीसरे चरण के लिये कल 15 उम्मीदवारों ने 19 नामांकन पत्र जमा किये। अब तक 22 उम्मीदवारों द्वारा 27 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। इस चरण में बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ में 19 अप्रैल तक नामांकन भरे जाने है। यहां 7 मई को मतदान होगा। भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए कल तीन नामांकन निर्दलीय उम्मीदवारों ने जमा किए। सागर में नाम निर्देशन के दूसरे दिन दो अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। राजगढ़ में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहे। राजगढ़ से कांग्रेस के दिग्विजय सिंह चुनावी मैदान में हैं। ग्वालियर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह की नामांकन रैली में शामिल हुए।

सूचना एवं प्रसारण सचिव–भोपाल

सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू आज भोपाल में आकाशवाणी, दूरदर्शन, पत्र सूचना कार्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारियों की बैठक ले रहें। बैठक में लू समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं नरसिंहपुर जिले के ग्राम बनवारी से डालचंद कुशवाहा का संदेश।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 नर्मदापुरम में 85 प्लस आयु और दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की। घर–घर जाकर मतदान दलों ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया।

- आराधना का पर्व नवरात्री के तहत आज महाअष्टमी के मौके पर आगरमालवा जिले के अनके घरों और देवी मंदिरों में माता के आठवें स्वरूप महागौरी के रूप में कुल देवी की विषेष पूजा अर्चना की जा रही है।
- धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला में आज सर्वे का 26 वें दिन भी ए.एस.आई टीम द्वारा लसर्वे कार्य किया जा रहा है। मंगलवार होने से भोजशाला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्याग्रह और पूजन , दर्शन के लिए पहुंचे।
- छिंदवाड़ा जिले में डॉ. अंबेडकर समता विकास समिति के तत्वाधान में चार दिवसीय जयंती उत्सव का आयोजन किया गया।

....